KJ-1056

B.A. (Part - II)

Term End Examination, 2020

HINDI LITERATURE

Paper - I

अर्वाचीन हिन्दी काव्य

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अशुद्धि, अस्वच्छता एवं अनर्गल लेखन पर अंक काटे जायेंगे।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय-कर्म-रत मन,
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार बार प्रहार-
सामने तरु मालिका, अट्टालिका, प्रकार।

अथवा

विद्या मधुर सहकार करती सर्वथा कटु निम्ब को,
विद्या ग्रहण करती कलों से शब्द को,
प्रतिबिम्ब को।
विद्या जड़ों में भी सहज ही डालती चैतन्य है,
हीरा बनाती कोयले को, धन्य! विद्या धन्य है॥

(ख) आज का दुख, कल का आहलाद,
और कल का सुख, आज का विषाद,
समस्या स्वप्न-गूढ़ संसार,
पूर्ति जिसकी उस पार!
जगत्, जीवन का अर्थ विकास,
मृत्यु, गति क्रम का ह्रास!

अथवा

सदा सहना, सदा श्रम साधना मर-मर,
वही हैं जो लिए छोटों का मृत-वृत हैं,
तनिक छोटों से घुल-मिलकर रहो जीवन,
बड़े सब मिट गए, छोटे सलामत हैं।

(ग) पार्श्व गिरी का नम्र, चीड़ों में,
उगर चढ़ती उमंगों-सी,
बिछी पैरों में नदी, ज्यों दर्द की रेखा।
विहग-शिशु मौन नीड़ों में,
मैंने आँख भर देखा।

अथवा

विपुल कल्पना से त्रिभुवन की,
विविध रूप धर, भर नभ-अंग,
हम फिर क्रीड़ा कौतुक करते,
छा अनंत उर में नि:शंक।

2. ''मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय जागरण की चेतना के वाहक कवि थे।'' इस कथन पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की काव्यगत विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

3. ''माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य का मुख्य स्वर राष्ट्र के प्रति प्रेम है।'' इस कथन की सोदाहरण विवेचना कीजिए। 12

अथवा

काव्यकला की दृष्टि से अज्ञेय के काव्य की समीक्षा कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 3×5

(क) श्रीकांत वर्मा का साहित्यिक-परिचय

(ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय की काव्यभाषा

(ग) सुभद्राकुमारी चौहान के काव्य की विशेषताएँ

(घ) पंत के काव्य में प्रकृति चित्रण

(ङ) प्रगतिवाद की प्रमुख विशेषताएँ

(च) हिन्दी कविता में राष्ट्रीय काव्यधारा

(छ) 'ताज' कविता का केन्द्रीय भाव

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×15

(क) मुक्त छंद के प्रवर्तक कवि कौन हैं ?

(ख) 'मुकुट' किनकी कविताओं का संकलन है ?

(ग) श्रीकांत वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ?

(घ) खड़ी बोली हिन्दी में लिखा गया पहले महाकाव्य का नाम लिखिए।

(ङ) प्रयोगवाद के जनक कौन हैं ?

(च) किस कवि को 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से जाना जाता है ?

(छ) 'पल्लव' किनकी रचना है ?

(ज) 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक कौन थे ?

(झ) 'मगध' किस कवि का काव्य संग्रह है ?

(ञ) प्रगतिवादी काव्यधारा के किसी एक कवि का नाम लिखिए।

(ट) ''सुन-सुनकर जग की कही और अनकही'' किस कविता की पंक्ति है ?

(ठ) अज्ञेय का पूरा नाम लिखिए।

(ड) 'साकेत' किस कवि की रचना है ?

(ढ) 'शब्द शिल्पी' के नाम से किस कवि को सम्बोधित किया जाता है ?

(ण) 'तारसप्तक' के किसी एक कवि का नाम लिखिए।

———